## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्यपाल डेका को छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने वार्षिक रिपोर्ट सौंपी

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, रायपुर के सदस्य ऑगस्टीन बर्नार्ड और पुष्पा पटेल ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने आयोग के कार्यो से राज्यपाल को अवगत कराया और वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट सौंपी।

### राज्यपाल डेका से अनुसूचित जाति एवं जनजाति, पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रमुख सचिव बोरा ने सौजन्य भेंट की

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा एवं उनकी धर्मपत्नी दर्शनिता बोरा ने सौजन्य भेंट कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। डेका ने भी उनको दीपावली की शुभकामनाएं दी।

### राज्यपाल रमेन डेका को ब्रम्हकुमारी बहनों ने भाई दूज का टीका लगाया

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने मुलाकात कर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और भाई दूज का टीका लगाकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। बहनों ने राज्यपाल को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जापान एवं फिलिपींस में संचालित प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका ब्रम्हाकुमारी सुश्री रजनी दीदी, इंदौर केंद्र की संचालिका सुश्री हेमलता, रायपुर केंद्र की संचालिका सुश्री सविता बहन सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर रकम की मांग, विद्युत विभाग ने किया सतर्क

**कोरबा (आरएनएस)।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने सभी राज्यों में स्मार्ट डिजिटल मीटर लगाने की योजना बनाई है। वर्तमान में सभी जगहों पर पोस्ट पेड मीटर लगा हुआ है। जिसे बदलकर नया स्मार्ट मीटर लगाने का काम जीनस कंपनी द्वारा बिलासपुर क्षेत्र के कोरबा, मुंगेली, पेण्ड्रारोड़ तथा बिलासपुर शहरी एवं ग्रामीण संभागों में नि:शुल्क किया जा रहा है। इस योजना के तहत क्षेत्र के लगभग 8 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगें। जीनस कंपनी एवं विद्युत विभाग को जानकारी मिली है कि कुछ लोगों द्वारा स्मार्ट मीटर बदलने के एवज में उपभोक्ताओं से रूपयों की मांग की जा रही है, जो कि पूर्णतरू गलत कृत्य है। जीनस कंपनी अथवा विद्युत विभाग द्वारा इस कार्य हेतु किसी भी प्रकार की राशि निर्धारित नही की गई है, यह कार्य पूर्ण रूप से निरूशुल्क किया जाना है। छत्तीसगढ़ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता ए.के. अम्बस्ट ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि यदि किसी व्यक्ति अथवा कर्मचारी द्वारा स्मार्ट मीटर बदलने के एवज में अनाधिकृत रूप से पैसों की मांग की जाती है, तो संबंधित व्यक्ति का नाम, पता व मोबाइल नंबर की सूचना तत्काल ही जीनस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रिंस शर्मा के मोबाईल नंबर 9773358468 या विद्युत विभाग के नजदीकी कार्यालय में दे सकते हैं।

### तिल्दा थाना प्रभारी को किया गया लाईन अटैच

**रायपुर (आरएनएस)।** इलाके में बढ़ते अपराधों के नियंत्रण रखने में उदासीनता बरते जाने पर तिल्दा थाना प्रभारी अविनाश सिंह तत्काल प्रभाव से हटाते हुए लाइन अटैच किया गया। रायपुर एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने आदेश जारी कर अविनाश सिंह की जगह सत्येंद्र श्याम को तिल्दा-नेवरा का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# आज मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि

**रायपुर | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित राज्योत्सव 2024 के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक राज्योत्सव स्थल, नवा रायपुर अटल नगर में होगा। राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का उद्घाटन 4 नवम्बर को संध्या 6 बजे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्योत्सव में ख्याति प्राप्त कलाकार रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। 4 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत संध्या 4.30 बजे से होगी। रिखी क्षत्रीय की टीम द्वारा 12 लोक नृत्य की झलकियां, मोहन चौहान एवं साथी द्वारा शाम 5 बजे 5.30 बजे आदिवृंदम, 5.30 से 6.00 बजे सुनील सोनी एवं टीम द्वारा शाम 7.15 से 7.45 बजे क्षेत्रीय नृत्य संगीत तथा विद्या वर्चस्वी द्वारा नाम रामायण की प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 7.45 से 8.15 बजे मल्लखंभ (इंडियाज गॉट टैलेंट) तथा रात्रि 8.15 बजे बॉलीवुड के प्रसिद्ध पाश्र्व गायक शांतनु मुखर्जी (शानु) की प्रस्तुति होगी। राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों द्वारा राज्योत्सव स्थल पर भव्य एवं आकर्षक



प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यहां शिल्प ग्राम बनाया जा रहा है, जहां छत्तीसगढ़ के विविध शिल्प प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। राज्योत्सव स्थल परिसर में शासकीय विभागों की प्रदर्शनी के लिए विशाल हैंगर (डोम) बनाए गए हैं। हैंगर-एक एवं दो में शासकीय विभागों के स्टॉल लगेंगे, जबकि हैंगर-तीन में वाणिज्यिक संस्थान अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। हैंगर-चार में पब्लिक सेक्टर के संस्थानों की प्रदर्शनी लगेगी। राज्योत्सव में शिल्प ग्राम, फूड कोर्ट और मीना बाजार आम लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र होंगे।

### ज्योत्सव के लिए दर्शकों को मिलेगी नि:शुल्क बस सेवा

दोपहर तीन बजे से रात्रि नौ बजे तक हर घंटे चार जगहों से जायेंगी बसे। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय व्यापार परिसर तूता में तीन दिनी राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर शहर से राज्योत्सव स्थल तक जाने और वापस आने के लिए ज़िला प्रशासन द्वारा दर्शकों को चार से छ: तारीख़ तक नि:शुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। चार तारीख़ से दोपहर तीन बजे से हर घंटे बसें तूता नवा रायपुर के लिये रवाना होंगी। नि:शुल्क बस सेवा रायपुर शहर के रेलवे स्टेशन स्टैंड, कालिबाडी चौक, पचपेड़ी नाका और भाटागाँव नये बस स्टैंड से संचालित होंगी। ऐसी बसों पर 'राज्योत्सव हेतु नि:शुल्क बस सेवा' प्रदर्शित रहेगा। रायपुर शहर से बसें दोपहर तीन बजे, चार बजे, पाँच बजे, शाम छह बजे, सात बजे, आठ बजे और रात्रि नौ बजे रवाना होंगी। इसी तरह तूता राज्योत्सव स्थल से रायपुर शहर वापसी के लिए यही बसें शाम चार बजे, पाँच बजे, छह बजे, सात बजे, आठ बजे, रात्रि नौ बजे और अंतिम बस रात्रि दस बजे रवाना होंगी।

## ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य 5 को सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में प्रात: 10 बजे से

**❑ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहकर ईवीएम कमीशनिंग प्रक्रिया के अवलोकन की अपील की**

**रायपुर | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कमांक 51-रायपुर नगर दक्षिण के लिये होने वाले आगामी विधानसभा उपनिर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। मतदान के लिये मशीनों को तैयार करने के क्रम में



मशीनों की कमीशनिंग का कार्य 5 नवंबर 2024 समय प्रात: 10.00 बजे से प्रारंभ कर दिया जायेगा, जिसकी सूचना रिटर्निंग आफिसर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 जिला रायपुर के द्वारा निर्वाचन लडऩे वाले सभी अभ्यर्थियों को दी जावेगी। मशीनों के कमीशनिंग का कार्य रायपुर में सेजबहार स्थित ई-ब्लाक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किया जावेगा। मतदान हेतु मशीनों को तैयार करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये निर्माता कंपनी मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) के इंजीनियर नियत तिथि के एक दिवस पूर्व रायपुर पहुंच जाएंगे। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के कमीशनिंग की प्रक्रिया में मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) के इंजीनियरों द्वारा सभी वीवीपैट मशीनों में सिंबल लोडिंग की जायेगी। सभी मशीनों में एक मत डालकर तथा रेण्डम् रूप से चुने गये 5 प्रतिशत मशीनों पर 1000 मत डालकर मॉकपोल किया जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 रायपुर नगर दक्षिण में निर्वाचन लडऩे वाले सभी अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे कमीशनिंग की प्रक्रिया के अवलोकन हेतु नियत तिथि व समय पर कमीशनिंग परिसर रायपुर सेजबहार में स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में उपस्थित रहकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कार्य प्रणाली और इसकी निष्पक्षता के संबंध में पूरी तरह आश्वस्त हो।

## पहाड़ी के पास मिली अधजली लाश की पहचान उसके साइकिल के माध्यम से हुई

**कोरबा (आरएनएस)।** ग्राम हुंकरा की पहाड़ी से लगे इलाके में मिली अधजली लाश की पहचान उसके साइकिल के माध्यम से हो गई है। मृतक की शिनाख्त कोरबा जिला मुख्यालय में समग्र शिक्षा कार्यालय में पदस्थ ।क्व्व्, कटघोरा निवास के.जी. भारद्वाज के पुत्र अभिषेक के रूप में हुई है। 18 वर्षीय अभिषेक कक्षा 12 वीं का छात्र था। वह कल शनिवार रात कथित तौर पर दोस्त के पास जाने की बात कहकर घर से साइकिल लेकर निकला था फिर लौटा नहीं। मृतक अभिषेक श्री भारद्वाज का इकलौता पुत्र था। इस घटना ने भारद्वाज परिवार को शोक में डुबा दिया है। परिजनों सहित सहकर्मियों, ग्रामवासियों में शोक व्याप्त है।

बता दें कि आज रविवार सुबह कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम हुंकरा की पहाड़ी के पास एक अज्ञात युवक की अधजली लाश मिली। कटघोरा पुलिस को मौके से एक जोड़ी चप्पल व गियर वाली साइकिल मिली। साइकिल पर दुकान का नाम लगा था जिससे संपर्क पर साइकिल की फ्रेम नम्बर के आधार पर खरीदार का नाम हासिल किया गया। उसके बाद घर पहुंचकर जानकारी लेने पर अभिषेक के घर से गायब रहने की बात पता चली। साइकिल व चप्पल को परिजन पहचान गए। घटनास्थल पर जांच में फोरेंसिक एक्सपर्ट व डॉग स्क्वाड की भी मदद ली गई। मिले साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर प्रारम्भिक तौर पर मामला आत्मदाह का प्रतीत हो रहा है लेकिन किसी घटना से भी इंकार नहीं किया जा रहा है।

## प्रेमविवाह से नाराज भाई ने चचेरी बहन के पति की चाकू गोदकर कर दी हत्या

**रायपुर | आरएनएस**

जिले के तिल्दा क्षेत्र में एक युवक को अपनी चचेरी बहन के प्रेम विवाह करना इतना नागवांर गुजरा कि उसने गुस्से में आकर अपनी बहन के पति की चाकू गोदकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गत एक नवंबर दिवाली के दिन तिल्दा के रहने वाले ओमप्रकाश रात्रे उर्फ गोला पिता जतिराम रात्रे की नेवरा के खमार कुंआ नाला के पास लाश मिली थी। मृतक ओमप्रकाश के शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान मिले थे। जिसकी सूचना पर तिल्दा नेवरा पुलिस ने धारा 194 बी.एन.एस.एस. कायम कर जांच शुरू की थी। इधर शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की हत्या किये जाने की बात सामने आई जिसपर पुलिस ने मामले की जांच में तेजी दिखाते हुए मुखबीर से मिले सूचना के आधार पर एक संदेही युवक हेम कुमार को गिरफ्तार किया तथा पुछताछ की। पहले तो युवक मामले की जानकारी नही होने की बात करता रहा किंतु जब पुलिस ने सख्ती से पुछताछ की तो युवक ने ओमप्रकाश की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी हेम कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतक ओमप्रकाश ने लगभग एक माह पहले उसके बड़े पिता की लडक़ी के साथ प्रेम विवाह किया था जिसे लेकर वह बहुत नाराज था तथा रंजिश पाले हुआ था। और मौका मिलने पर एक नवंबर की रात उसने ओमप्रकाश की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। आरोपी के कबुलनामे में बाद पुलिस ने आरोपी से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद करते हुए उसके खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस तथा धारा 25, 27 आम्र्स एक्ट जोडक़र आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## पुसौर पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**

पुसौर पुलिस ने महिला द्वारा दर्ज कराई गई दुष्कर्म की रिपोर्ट पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए आज आरोपी नेहरू खडिया (56 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

घटना के अनुसार, पीड़िता ने पुलिस को बताया कि तबियत ठीक नहीं लगने से वह कल शाम करीब 6:30 बजे अपने घर के बाहर परछी में बैठी थी, तभी आरोपी नेहरू खडिया वहां पहुंचा और जबरन उसे गली की ओर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। महिला



के शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गया।

महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले में अप.क्र. 259/2024 के तहत धारा 64(1) BNS के तहत अपराध दर्ज किया है। त्वरित कार्यवाही करते हुए पुसौर पुलिस ने आरोपी नेहरू खडिया को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। महिला संबंधी अपराध में त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे, सहायक उप निरीक्षक मनमोहन बैरागी, महिला प्रधान आरक्षक जेनिपा पन्ना और आरक्षक महेश चौहान की अहम भूमिका रही है।

## पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और उपमुख्यमंत्री बालाजी सरकार मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम में हुए शामिल

**❑ विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बालाजी सरकार मंदिर का किया गया भूमिपूजन**

**कवर्धा | आरएनएस**

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम रामहेपुर में बालाजी सरकार के भव्य मंदिर निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार



के साथ मंदिर का भूमिपूजन कर आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम से पहले, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज का उपमुख्यमंत्री और जिले के नागरिकों ने पुलिस लाइन हेलीपैड में भव्य स्वागत किया, जहां उन्होंने अपने आशीर्वाद से उपस्थित श्रद्धालुओं का हृदय से अभिवादन किया। भूमिपूजन के बाद, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने हजारों श्रद्धालुओं और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है और इस भूमि के प्रति हम सभी ऋणी हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब वह पहली बार रायपुर आए थे, तो यहीं से उन्हें क्रांतिमई विचार मिला था। यह स्थल उनके लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस आध्यात्मिक धरोहर को संजोएं और इसे आगे बढ़ाएं। धीरेंद्र शास्त्री महाराज ने कहा कि छत्तीसगढ़ न केवल एक भौगोलिक स्थल है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं होगा, बल्कि एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाएगा। उनके विचारों ने उपस्थित जनसमूह में गहरी प्रेरणा और श्रद्धा का संचार किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अत: शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# ढाई दशक बाद सूर्यकुण्ड गंगा घाट बैकुंठ धाम को मिली पहचान

**भिलाई | आरएनएस**

विभिन्न अवरोध और राजनीतिक थपेड़ों के बीच जनप्रतिनिधियों की खींचतान और इच्छाशक्ति का अभाव झेलता बैकुंठ धाम का सूर्य कुंड तालाब इस बार छठ पूजा के पूर्व अपने सुंदर और मनोहर रूप में शहरवासियों को देखने मिलेगा। अब बैकुंठधाम तालाब न सिर्फ छठ पूजा, तीज नहावन सहित अन्य आवश्यक परंपराओं के निर्वहन के लिए उपयुक्त होगा बल्कि आस पास के क्षेत्र का जल स्तर बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकेगा। इस तालाब को वृहद, विस्तारित और विकसित स्वरूप दिलाने में गंगा जल लेकर कसम खाने वाले जनप्रतिनिधि रिकेश सेन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**चुनाव पूर्व गंगा जल ले किया था संकल्प-** आपको बता दें कि विधानसभा चुनाव पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने वैशाली नगर से पार्षद रिकेश सेन को प्रत्याशी बनाया। इसी दौरान बैकुंठ धाम में एक चुनावी सभा के दौरान गोरखपुर के सांसद व भोजपुरी अभिनेता रवि किशन की आमसभा में निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र अरोरा ने सूर्य कुंड तालाब को विकसित और बेहतर स्वरूप दिलाने अपने जीवन के एक बड़े स्वप्न की चर्चा करते हुए बताया कि वर्षों से लंबित यही कार्य सबसे बड़ा जरूरी है। उनकी बात पर प्रत्याशी रिकेश सेन ने गंगा जल लेकर सूर्य कुंड तालाब को बेहतर बनवाने की कसम ली थी।

**कसम ली तो खड़ा हुआ अड़चनों का पहाड़-** रिकेश सेन विधानसभा चुनाव जीत विधायक बने और उन्होंने तत्काल निगम व जिला प्रशासन के अधिकारियों से सूर्य कुंड तालाब बनवाने पहल की तो पता लगा कि तालाब निर्माण में कोई भी शासकीय फंड नहीं दिया जा सकता। तमाम तकनीकी परेशानियां हमेशा की तरह इस संकल्प में भी मुंह बाए खड़ी थी। तब विधायक रिकेश सेन ने गंगा जल की कसम का हवाला देते हुए अपने गांव की पैतृक जमीन बेंच दी, राजेंद्र अरोरा ने भी जहां अपनी कुछ जमीन बेची वहीं पूर्व पार्षद राजेश प्रसाद ने पत्नी के गहने बेच दिए।? निजी प्रयास से जमा राशि में बैकुंठधाम के लोगों ने भी सहयोग दिया।

**बीस साल पहले पानी वाले बाबा ने चलाई थी कुदाल-** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और भिलाई नगर विधायक प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने बैकुंठ धाम के सूर्यकुण्ड तालाब के लिए 5 कुदाल चलाई थी। पानी वाले बाबा के रूप में मशहूर प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने छठ पूजा सहित तीज त्यौहार और समीपस्थ क्षेत्रों के वाटर लेबल को बढ़ाने इस तालाब की महति आवश्यकता को प्रतिपादित किया था। राजेंद्र अरोरा ने बताया कि इस दौरान तात्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सिंह भी कार्यक्रम में 20 अगस्त 2004 को मौजूद रहीं। भूमिपूजन के बाद कार्य प्रारंभ होते ही विपक्ष की राजनीतिक हठधर्मिता के चलते कुछ जनप्रतिनिधि हाई कोर्ट से स्टे ले आए और काम रोकना पड़ा। इसके बाद जब जब सूर्य कुंड निर्माण की बात आई कोई न कोई आपत्ति अड़चन-बाधक बनी।